ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ नलिनी कांत झा के आकस्मिक निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 नवम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के कुलपति प्रो॰ नलिनी कांत झा के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री टंडन ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि प्रो॰ झा एक लब्धप्रतिष्ठ शिक्षाविद्, विद्वान प्राध्यापक, प्रबुद्ध राजनीतिक विचारक और कई महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के लेखक थे। भारत की विदेश नीति पर लिखित उनकी पुस्तकें काफी महत्त्वपूर्ण हैं। श्री टंडन ने कहा है कि प्रो॰ झा के निधन से राज्य के शिक्षा जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों को दारूण दुःख की इस घड़ी में धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

ज्ञातव्य है कि आज भागलपुर में प्रो॰ झा का निधन हो गया है। प्रो॰ झा ने विगत 23 मार्च, 2017 को तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के कुलपति पद का दायित्व सँभाला था। राजनीतिशास्त्र के विद्वान प्रो॰ नलिनीकांत झा ने राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की लगभग दर्जनभर पुस्तकें लिखी थीं, जिनमें– 1. 'Neighbourhood Initiatives of the Modi Government – Challenges and Road Map' 2. 'India's Foreign Policy – Emerging Challenges' 3. 'Democracy, Nation Building & Peace in South Asia' आदि प्रमुख हैं। प्रो॰ झा ने एम॰फिल॰ एवं पी॰एच॰डी॰ की डिग्री जे॰एन॰यू॰ नई दिल्ली से हासिल की थी। वे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षणिक/सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्य भी थे तथा उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान/पुरस्कार आदि भी प्राप्त हुए थे।

आज अपराह्न राज्यपाल सचिवालय में आयोजित एक शोक–सभा में दो मिनट का मौन रखकर स्व॰ प्रो॰ झा की दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की गई, जिसमें राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे।

....